### सवारियों की जान जोखिम में डालने पर नागरिकों ने की कार्रवाई की मांग

# क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाकर लापरवाही से हो रहा बसों का संचालन

**जागरण, माखन नगर।** माखन नगर से नर्मदापुरम सहित विभिन्न मार्गों पर संचालित निजी यात्री बसों की मनमानी अब आम लोगों के लिए बड़ी परेशानी बनती जा रही है। बस संचालकों के बीच यात्रियों और समय की होड़ इतनी बढ़ गई है कि यात्री सुरक्षा पीछे छूटती नजर आ रही है। क्षमता से अधिक सवारियां भरकर बसों का संचालन, तेज रफ्तार, नियमों की अनदेखी तथा स्थानीय यात्रियों के साथ भेदभाव जैसी शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि निजी बस संचालकों के बीच पहले नंबर पर पहुंचने और अधिक से अधिक सवारी भरने की प्रतिस्पर्धा के कारण बसें तेज गति से दौड़ाई जाती हैं। कई बार चालक निर्धारित गति सीमा की भी परवाह नहीं करते। ऐसे में बस में बैठे यात्रियों की सुरक्षा भगवान भरोसे रहती है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। यात्रियों के अनुसार अधिकांश बसों में निर्धारित क्षमता से कहीं अधिक लोगों को बैठाया और खड़ा



किया जाता है। सीटें पूरी भर जाने के बाद भी यात्रियों को गलियारे में खड़ा कर लिया जाता है। कई बार महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली विद्यार्थियों को भी लंबे समय तक खड़े होकर सफर करना पड़ता है। इससे न केवल असुविधा होती है बल्कि दुर्घटना की स्थिति में जान-माल का खतरा भी कई गुना बढ़ जाता है। यात्रियों का कहना है कि भीड़भाड़ के कारण बस में चढ़ना और उतरना भी मुश्किल हो जाता है। कई बार बसें पूरी तरह भर जाने के बाद भी रास्ते में सवारियां बैठाई जाती हैं, जिससे अंदर धक्का-मुक्की का माहौल बन जाता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निजी बस संचालक अपने तय समय और नंबर को बनाए रखने के लिए तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं। कई स्थानों पर दूसरी बसों से आगे निकलने की कोशिश में ओवरटेकिंग की जाती है, जो दुर्घटना का कारण बन सकती है। यात्रियों का कहना है कि चालक कई बार सड़क की स्थिति और यातायात नियमों की अनदेखी कर बस दौड़ाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के मौसम में सड़कें फिसलन भरी होने के बावजूद कई बसें तेज गति से चलती हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। सबसे अधिक शिकायत स्थानीय यात्रियों के साथ हो रहे व्यवहार को लेकर सामने आ रही है।

### विद्यार्थियों ने कहा हमें होती है परेशानी

प्रतियोगी परीक्षाओं, कॉलेज और अन्य शैक्षणिक कार्यों के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में विद्यार्थी नर्मदापुरम आते-जाते हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि परीक्षा के दिन भी कई बार लंबी दूरी वाली बसों में उन्हें बैठने नहीं दिया जाता। एजेंट उन्हें बस से उतार देते हैं या लोकल बस का इंतजार करने को कहते हैं। इससे कई विद्यार्थियों के परीक्षा केंद्र तक समय पर पहुंचने पर संकट खड़ा हो जाता है। अभिभावकों का कहना है कि विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़े मामलों में इस प्रकार की मनमानी स्वीकार नहीं की जा सकती। नागरिकों का आरोप है कि बस स्टैंड और प्रमुख स्टॉपेज पर सक्रिय एजेंट यात्रियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। यदि कोई स्थानीय यात्री लंबी दूरी वाली बस में बैठने का प्रयास करता है तो उसे उतरने के लिए कहा जाता है। कई बार विवाद और कहासुनी की स्थिति भी बन जाती है। लोगों का कहना है कि सार्वजनिक परिवहन में सभी यात्रियों के साथ समान व्यवहार होना चाहिए। किसी भी यात्री के साथ दूरी के आधार पर भेदभाव उचित नहीं है।

## कृषि मंत्री से की शत प्रतिशत मूंग उपार्जन की मांग : पलिया



**जागरण, पिपरिया।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ऐंदल सिंह कंसाना से सामाजिक एवं धार्मिक कार्यकर्ता डॉ. अमृता राजे पलिया ने मुलाकात कर किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान किसानों की ओर से एक ज्ञापन सौंपते हुए प्रदेश में मूंग की शत-प्रतिशत उपार्जन सुनिश्चित करने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान में बड़ी संख्या में किसान मूंग की फसल लेकर उपार्जन केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, लेकिन पूरी फसल की खरीदी नहीं होने तथा तुलाई में देरी के कारण उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों की मेहनत और लागत को देखते हुए सरकार को प्रत्येक किसान की पूरी मूंग का समर्थन मूल्य पर उपार्जन सुनिश्चित करना चाहिए। डॉ. अमृता राजे पलिया ने मांग की कि प्रदेश के सभी उपार्जन केंद्रों पर जल्द से जल्द शत-प्रतिशत मूंग की तुलाई प्रारंभ कराई जाए, ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े। उन्होंने कहा कि समय पर खरीदी और भुगतान होने से किसानों को राहत मिलेगी तथा उन्हें उचित मूल्य प्राप्त होगा। उन्होंने कृषि मंत्री से आग्रह किया कि किसानों की पूरी फसल का समर्थन मूल्य पर उपार्जन कराया जाए, जिससे उन्हें बाजार में कम दाम पर उपज बेचने के लिए मजबूर न होना पड़े। ज्ञापन में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की गई। डॉ. पलिया ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिलना आवश्यक है। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य सरकार किसानों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेकर उन्हें राहत प्रदान करेगी।

## न्यूज कॉर्नर

### सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक 14 को

**जागरण, नर्मदापुरम।** जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक का आयोजन 14 जुलाई को दोपहर 12 बजे से कार्यालय जिला पंचायत नर्मदापुरम के सभाकक्ष में किया गया है। उक्त बैठक में पूर्व बैठक के कार्यवाही विवरण, जिला पंचायत के आय व्यय के संबंध में चर्चा एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। वहीं जिपं के सामान्य सम्मेलन की बैठक 14 जुलाई को दोपहर 2 बजे से कार्यालय जिला पंचायत के सभाकक्ष में होगी। उक्त बैठक में पूर्व बैठक के कार्यवाही विवरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, लोक निर्माण विभाग, मप्र सडक विकास निगम के कार्यो, मप्र विद्युत मंडल के कार्यो की प्रगति, 5वां वित्त, 15वॉ वित्त के अंतर्गत कार्यो के संशोधन एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### किसान संगठनों के साथ एसडीएम ने की बैठक

**जागरण, सिवनी मालवा।** कलेक्टर के निर्देशन में एसडीएम विजय राय ने गुरुवार को स्थानीय किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ मूंग उपार्जन, खाद वितरण तथा क्षेत्र की कानून व्यवस्था के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में एसडीएम श्री राय ने किसान संगठनों से क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद वितरण में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए शासन एवं प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। बैठक में बताया कि खाद वितरण के लिए ई-विकास प्रणाली के माध्यम से ई-टोकन व्यवस्था लागू की गई है। यदि तकनीकी कारणों से किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो उसका नियमानुसार निराकरण किया जा रहा है। साथ ही किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। एसडीएम श्री राय ने स्पष्ट किया कि किसान संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त मांगों, सुझावों एवं ज्ञापनों को निर्धारित प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत शासन को प्रेषित किया जाता है, जहां नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाती है।

### कुक कम हेल्पर पाक कला स्पर्धा संपन्न

**जागरण, माखननगर।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत जनपद पंचायत एवं जनपद शिक्षा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में कुक कम हेल्पर प्रतियोगिता संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष सावित्री बाई परनामे, विशेष अतिथि मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी, सत्यनारायण पाराशर, संतोष परसाई, सुरेश यादव, राजेंद्र सोलंकी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने स्वादिष्ट, पौष्टिक, स्वच्छ एवं आकर्षक व्यंजनों का प्रदर्शन कर निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। निर्णायक मंडल में जनपद पंचायत सीईओ, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक, जनपद शिक्षा केंद्र माखन नगर, टास्क मैनेजर, पोषण विशेषज्ञ तथा शाला प्रबंधन समिति के सदस्य शामिल रहे। प्रतियोगिता के परिणामों में प्रथम पुरस्कार सुनीता बाई, अनीता बाई को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार ताराबाई एवं सुशीला बाई को मिला। तृतीय पुरस्कार अनुसुइया बाई, गीता बाई एवं सीमा सराठे को प्रदान किया गया। वहीं सांत्वना पुरस्कार सुनीता सोनी, सरिता सैनी एवं कामेश्वरी को दिया गया। प्रतियोगिता में सहभागी सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का तृतीय चरण 13 से

**जागरण, नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के नेतृत्व में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने तथा पशुपालकों को वैज्ञानिक पशुपालन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का तृतीय चरण 13 से 18 जुलाई तक संचालित किया जाएगा। उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. शैलेन्द्र नेमा ने बताया कि अभियान के दौरान नर्मदापुरम, बाबई, पिपरिया, बनखेड़ी, सोहागपुर, सिवनी मालवा एवं केसला में विभागीय मैदानी अमला 11,595 पशुपालक परिवारों तक पहुंचकर संपर्क, मार्गदर्शन एवं जागरूकता अभियान संचालित करेगा। अभियान के तहत प्रत्येक सर्वेयर प्रतिदिन 10 पशुपालक परिवारों के घर पहुंचकर वैज्ञानिक पशुपालन संबंधी जानकारी प्रदान करेगा।

## स्प्रिंगडेल्स स्कूल में हुई एनसीसी बॉयज कैडेट्स की भर्ती प्रक्रिया



**जागरण, नर्मदापुरम।** स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 13 एमपी बटालियन एनसीसी बॉयज कैडेट्स की भर्ती प्रक्रिया हुई। इस प्रक्रिया में विद्यालय के 49 बच्चों ने भाग लिया, जिनमें से 25 बच्चों का चयन किया गया। शारीरिक व अन्य क्षमताओं के आधार पर चयनित इन कैडेट्स को विद्यालय के एनसीसी दल में प्रवेश देकर सैन्य प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा जिससे वे अपने कौशल और नेतृत्व क्षमता का विकास कर सकें। एनसीसी का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सामुदायिक सेवा की भावना को बढ़ावा देना है। 13 एमपी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल एसपी सिंह, एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल विवेक सिंह चुण्डावत के निर्देशानुसार नए कैडेट्स भर्ती हेतु चयन किए। सूबेदार मेजर बी सी तिलक एवं नायब सूबेदार मेहराम सिंह के मार्गदर्शन में सेकंड ऑफिसर शेख कमर, हवलदार अर्जुन सिंह एवं हवलदार अजीत सिंह द्वारा भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। चयनित कैडेट्स को संस्था डायरेक्टर डॉ आशीष चटर्जी एवं प्राचार्य मोना चटर्जी ने बधाई दी एवं कड़ी मेहनत कर सफलता प्राप्त करने तथा पूर्व में विद्यालय के छात्र जैसे आरडीसी परेड एवं थल सेना कैंप में जाने के लिए शुभकामनाएं दीं।

## जनपद शिक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण प्रशासनिक व्यवस्था सुधार के दिए निर्देश

**जागरण, सिवनी मालवा।** जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केंद्र नर्मदापुरम एवं सहायक परियोजना समन्वयक द्वारा पूर्व निर्धारित रोस्टर के अनुसार जनपद शिक्षा केंद्र सिवनी मालवा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण तथा प्रशासनिक नियंत्रण का गहन परीक्षण किया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यालयीन अभिलेखों के रखरखाव एवं प्रशासनिक व्यवस्था में गंभीर कमियां पाई गईं, जिस पर जिला परियोजना समन्वयक ने नाराजगी व्यक्त की।

निरीक्षण में बीएसी एवं सीएसी के सेवा अभिलेखों में सेवा सत्यापन, अवकाश प्रविष्टियों सहित अन्य आवश्यक अभिलेखों के संधारण में भी कमियां सामने आईं। इस पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को अभिलेखों का व्यवस्थित एवं अद्यतन संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला परियोजना समन्वयक ने कहा कि कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं प्रशासनिक दक्षता बनाए रखने के लिए सभी अभिलेखों का नियमानुसार संधारण किया जाना आवश्यक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यालयीन व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार करते हुए सभी कमियों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## श्रमिक को दी ई-श्रम योजना की जानकारी

**जागरण, नर्मदापुरम।** असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितों की सुरक्षा तथा श्रम कानूनों एवं सुरक्षा मानकों के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में निर्माण स्थलों पर श्रम निरीक्षक ज्योति पीए ने निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों से संबंधित आवश्यक जानकारी पोर्टल पर दर्ज की। निरीक्षण के दौरान निर्माण स्थलों पर नियुक्त सेफ्टी ऑफिसर की जानकारी भी प्राप्त की गई तथा श्रम कानूनों एवं निर्धारित सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित निर्माण एजेंसियों को दिए गए। निरीक्षण के दौरान कार्यरत श्रमिकों को श्रम विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं उनसे मिलने वाले हितलाभों की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही असंगठित श्रमिकों से केंद्र सरकार की ई-श्रम योजना के अंतर्गत पंजीयन कराने की अपील की गई।

## जलभराव की समस्या से निजात पाने बाजार क्षेत्र में हुई सफाई



**जागरण, नर्मदापुरम।** नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ वैभव देशमुख के निर्देशन में बाजार क्षेत्र में गुरूवार को विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान जल भराव की समस्या को देखते हुए नपा की टीम द्वारा बाजार क्षेत्र के समूचे नालों के चैम्बर हटाकर सफाई की गई। स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष श्रीमती यादव एवं सीएमओ श्री देशमुख के निर्देशन गुरूवार को बाजार क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान नाले नालियों के चेम्बर्स खोलकर सफाई की गई। जिसमें भारी मात्रा में प्लास्टिक की बोतलें, प्लास्टिक की समाग्री, पालिथिन, थर्माकोल निकला। स्वच्छता अभियान के दौरान पर्यवेक्षक संजय लुटारे, कमलेश तिवारी सहित स्वच्छताकर्मी उपस्थित रहे। नपाध्यक्ष श्रीमती यादव एवं सीएमओ श्री देशमुख द्वारा नगर के नागरिकों, दुकानदारों से नगरपालिका द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया है कि अपने घर, दुकान, प्रतिष्ठान से निकलने वाले कचरे को डस्टबिन में रखें। कचरा सड़क पर फैंकने से बारिश के पानी के पानी के साथ मिलकर नाले नालियों को अवरूद्ध करते हैं, जिससे जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है और नागरिकों को काफी परेशानी होती है।

## नपाध्यक्ष और सीएमओ ने की जनसुनवाई



**जागरण, नर्मदापुरम।** नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ वैभव देशमुख द्वारा गुरूवार को जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में अनेक समस्याओं का त्वरित समाधान कराया गया। साथ ही जांच योग्य समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित शाखा में भेजा गया। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष श्रीमती यादव एवं सीएमओ श्री देशमुख द्वारा आज जनसुनवाई गई। जिसमें जल भराव की समस्या, साफ सफाई तथा पीएम आवास से संबंधित समस्याएं थीं। जिनका समुचित समाधान किया गया। जनसुनवाई के दौरान पार्षदगण बिंदिया मांझी, संतोष उपाध्याय, एल्डरमेन संतोष मीना, भाजपा नेता पूनम मेषकर, उपयंत्री दीक्षा तिवारी, स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## युवा कांग्रेस ने निकाला मशाल जुलूस



**जागरण, पिपरिया।** जिला युवा कांग्रेस ने नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफ़ा माँगते हुए गुरूवार को तहसील तिराहे से मशाल जुलूस निकाला। इस दौरान सैकड़ों युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे तो वही कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा की देश के बच्चो के साथ नीट परीक्षा में ग़लत हुआ है।मशाल जुलूस में शामिल प्रदेश युवक कांग्रेस अध्यक्ष यश घनघोरिया का कहना था की प्रदेश और देश की भाजपा सरकार किसानों युवओ और विद्यार्थियों के साथ धोखा कर रही है, जिसके खिलाफ युवक कांग्रेस मज़बूती से लड़ाई लड़ रही है। मशाल जुलूस में युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष हर्ष कटकवार, चिंकू साहू, अनुज कटकवार सहित कांग्रेस पदाधिकारी मौजुद रहे। कार्यक्रम का समापन मंगलवारा चौराहे पर किया गया।

## ट्रैफिक लगने से लोग हो रहे परेशान

**जागरण, नर्मदापुरम।** नगर में इन दिनों ट्राफिक व्यवस्था चरमरा गयी है। तवा ब्रिज पर काम जारी होने के कारण डायवर्ट हुए ट्रेफिक और प्रायवेट बसों की लापरवाही पूर्वक संचालन के कारण आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मालाखेड़ी तिराहे से कलेक्टर बंगले के पास तक कर्मचारियों को छोड़ने आने वाली बसों के बेतरतीब खड़े होने से राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं चक्कर रोड़ पर भी बेतरतीब वाहनों की पार्किंग से आए दिनों जाम की स्थिति बनती है। आमजन का कहना है कि व्यवस्ततम चौक-चौराहों पर कम से कम दो ट्राफिक जवानों की तैनाती होना चाहिए जिससे आमजन को परेशानी न हो।


**बैंक ऑफ़ इंडिया** | आंचलिक कार्यालय: खंडवा अंचल, पं. माखनलाल चतुर्वेदी मार्ग, आनंद नगर, खंडवा (म.प्र.) 450001

**ई-निलामी द्वारा वाहन विक्रय सूचना**

(ई-नीलामी तिथि 28.07.2026, प्रातः 11.00 बजे से 5.00 शाम बजे तक)

हमारी शाखा द्वारा जप्त किये एवं वाहनों का जैसे है जहां है के आधार पर निविदा द्वारा विक्रय किया जाना प्रस्तावित है:-

| क्रं. | शाखा का नाम एवं उधारकर्ता का नाम | वाहन का विवरण | आरक्षित मूल्य (लाख रू में) ईएमडी (लाख रू में) |
|---|---|---|---|
| 1 | शाखा नर्मदापुरम प्रदीप कुमार मीना पुत्र रमेश मीना | Hyundai Grand I10 Sports 1.2 MP 05 CB 1416 - (2019) | Rs. 2,56,500/- Rs. 25,650/- |

बोलीवृद्धि राशि रू 10,000.00

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें : 1. नीलामी बिक्री / बोली, वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्ट्रानिक बिडिंग प्रक्रिया द्वारा की जायेगी। 2. बोलीकर्ताओं की सुविधा के लिए वेब्साइट https://baanknet.com में जाकर देख सकते हैं। 3. बोली राशि आरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए। 4 सर्वाधिक/ सफल बोलीकर्ता का विक्रय के सम्बंध में अधिकृत अधिकारी द्वारा बोली स्वीकार करने के बाद बोली/क्रय मूल्य के 25 प्रतिशत के बराबर की राशि में पहले से जमा बयाना राशि घटाकर शेष बची राशि अगले कार्यदिवस में जमा कराना होगा। अन्यथा उसकी बयाना राशि जब्त कर ली जायेगी। 5. क्रयमूल्य कि 75 प्रतिशत राशि का भुगतान अधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री कि पुष्टि करने से 15 दिन या उससे पहले अथवा उस बढ़ाई हुई अवधि के भीतर शेष राशि जमा नहीं करा पाने कि दशा में जमा राशि को जब्तकर लिया जायेगा एवं अधिकृत अधिकारी बैंक नीलामी को रह कर नये सिरे से नीलामी करने हेतु स्वतंत्र होंगे। 6. अधिकृता , सफल बोलीकर्ता की दशा में बयानाराशि का क्रय मूल्य में समायोजित कर दिया जायेगा एवं असफल बोलीकर्ताओं को वापस कर दिया जायेगा। बयाना राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। 7. चल सम्पत्ति का जैसा है, जहाँ है एवं बिना किसी सहारे के आधार पर बेचा जायेगा। इच्छुक बोलीकर्ताओं नीलामी में शामिल होने में पूर्व सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का देय आदि के बारे में जानकारी स्वयं प्राप्त करें। 8. अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास स्व-विवेक में बिना किसी पूर्व सूचना एवं कारण बताये किसी भी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने अथवा बिकी की स्थगित करने, टालने रद करने अथवा बिकी की नियम व शर्तो को संशोधित करने का सम्पूर्ण अधिकार है। 9 सम्पत्ति के क्रेता को सरकार को देय सभी वैधानिक देयक एवं सम्पत्ति से संबंधित सभी वर्तमान एवं भविष्य के कर, देयक वहन करना होगा। 10 देय राशि ब्याज और अन्य शुल्को को छोड़कर है। 11. इस नीलामी से संबंधित किसी भी तरह का संसाधन, त्रुटि सुधार, शुद्धिपत्र भविष्य में अखबार के माध्यम से प्रकाशित नहीं किया जायेगा कृपया इच्छुक बोलीकर्ता नियमित रूप से उपर दी गई वेबसाईट से संज्ञान लेवें। 12. इस नीलामी की प्रक्रिया बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारी नहीं बोली लगा सकते। 13. इच्छक बोलीकर्ता को यूजर आईडी व पासवर्ड स्वयं बनाना है। जिसे बनाने में न्यूनतम 2 दिन का समय लगता है । अतः बोलीकर्ता से निवेदन है कि यूजर आईडी अंतिम तिथि से पूर्व ही बना लें। 14. एक बोली लगाने वाला (बोलीकर्ता) होने की स्थिति में बोली फर्म में उक्त बोली राशि में न्यूनतन एकबोली वृद्धि मूल्य की बढ़ोतरी करनी होगी, अन्यथा विक्रय निरस्त/स्थागित किया जायेगा। 15. एकल बोलीदाता के मामले में प्राधिकृत अधिकारी यह सुनिश्चित करें, उक्त बोलीदाता ने एक मूल्य ...... किया है जो आरक्षित मूल्य से अधिक है, हल किया गया। इस शर्त का अधिसूचना में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए।

स्थान: खण्डवा
दिनांक: 10.07.2026

अधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया


### आस्था विशेष | मध्यप्रदेश की अमरनाथ यात्रा कहलाती है पचमढ़ी की नागद्वारी यात्रा

# नागद्वारी मेला : आस्था, तप और प्रकृति का संगम

**पचमढ़ी।** सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी में प्रतिवर्ष सावन माह में आयोजित होने वाला नागद्वारी मेला प्रदेश के सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक मेलों में गिना जाता है। नागपंचमी के अवसर पर लगने वाले इस मेले में मध्यप्रदेश सहित महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों से लाखों श्रद्धालु भगवान नागदेव और भगवान शिव के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। यह यात्रा अपनी कठिन पैदल चढ़ाई, प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक आस्था के कारण विशेष पहचान रखती है।

प्रशासन और वन विभाग के सहयोग से मेले के दौरान सुरक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, यातायात तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यापक व्यवस्था की जाती है। जानकारी अनुसार नागद्वारी यात्रा पचमढ़ी के धूपगढ़ क्षेत्र से शुरू होकर घने जंगलों, ऊंचे पहाड़ों, झरनों और दुर्गम घाटियों से गुजरती है। श्रद्धालुओं को कई किलोमीटर तक



फाइल फोटो

पैदल चलना पड़ता है। मार्ग में गणेश टेकरी, पश्चिम द्वार, स्वर्ग द्वार और पद्मशेष द्वार जैसे धार्मिक स्थल आते हैं, जहां श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर आगे बढ़ते हैं। अंतिम पड़ाव नागद्वारी गुफा है, जहां नागदेव की पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यता है कि नागद्वारी भगवान नागराज का पवित्र निवास है और यहां दर्शन करने से नागदोष से मुक्ति, सुख-समृद्धि तथा मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। यही कारण है कि हर वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है।

### लगभग 13 किलोमीटर की है पैदल यात्रा

देवाधिदेव महादेव की नगरी कहलाने वाली पचमढ़ी में हर साल यह मेला आस्था और दिव्यता के पूरा होता है। आस्था के इस समागम में नागद्वारी पहुंचकर नागराज के दर्शन को बाबा अमरनाथ के दर्शन के समान माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि श्रावण मेले के दौरान नागद्वारी मंदिर में दर्शन करने से कालसर्प दोष दूर होता है और संतान की प्राप्ति होती है। पचमढ़ी के नागद्वार का यह रास्ता साल में केवल एक बार नागद्वारी मेले के लिए ही खुलता है इसलिए यहां का विशेष महत्व है. यहां पर कई गुफाएं स्थित हैं इन गुफाओं में नाग देवता की सैकड़ों प्रतिमाएं है जिनका भक्तों दर्शन करने पहुंचते हैं। इस दौरान प्रत्यक्ष रूप से भी यात्रा के मार्ग में नाग देवता के दर्शन यात्रियों को होते हैं।

## न्यूज कार्नर

### पौधारोपण परियोजना में मप्र शासन साथः बुंदेला



**जागरण, हरदा।** आज रुपई कार्यालय में मुख्यमंत्री जनकल्याणकारी योजना के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह बुंदेला का आगमन हुआ। उन्होंने गौरीशंकर मुकाती के हरदा मॉडल के सम्बंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा इस परियोजना को मध्यप्रदेश शासन की विभिन्न योजनाओं से जोडते हुये समस्त जिलों में कार्यान्वित करने हेतु प्रशासन स्तर पर पहुँचाने एवं लागू करने हेतु आवश्यक प्रयास की बात कही। इसी तारतम्य में टीकमगढ़ से किसानों एक प्रतिनिधिमंडल इसी हफ्ते हरदा आ रहा है, जिसके माध्यम से टीकमगढ एवं बुंदेलखंड क्षेत्र में इस मॉडल को प्रारंभ करने का अध्ययन एवं प्रशिक्षण प्राप्त करेगा। पर्यावरणविद एवं रुपई ग्रुप के डायरेक्टर गौरीशंकर मुकाती ने बताया कि शासन किसानों की आय बढाने हेतु प्रयासरत है, रुपई का यह मॉडल इस दिशा में कारगर सिद्ध होगा, इसीलिए इसी वर्ष टीकमगढ जिले में पांच हजार पौधों के रोपण से इस मॉडल को आगे बढाने का कार्य होगा। इस अवसर पर रुपई कार्यकर्ताओं एवं फील्ड ऑफिसर के साथ डायरेक्टर संजय तेनगुरिया उपस्थित रहे।

### वाहनों पर चालानी कार्यवाही की

**जागरण, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन एवं पुलिस अधिक्षक शशांक के निर्देश पर गुरूवार को परिवहन विभाग द्वारा चैकिंग अभियान चलाया गया। जिला परिवहन अधिकारी राकेश अहाके ने बताया कि परिवहन विभाग के दल द्वारा गुरूवार को जिले के विभिन्न मार्गों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर विभिन्न प्रकार के वाहनों को चेक किया गया। इस दौरान बकाया कर, बिना पंजीयन, अस्पष्ट रूप से पंजीयन क्रमांक, बिना बीमा, बिना पीयूसी, बिना फिटनेस व परमिट के संचालित यात्री बस, स्कूल बस, ऑटो रिक्शा एवं लोडिंग वाहन, डम्पर वाहनो की चेंकिग की गई। चेकिंग के दौरान 10 यात्री बसों को बगैर परमिट बिना वीएलटीडी एवं अन्य वाहनो पर मोटरयान अधिनियमों का उल्लंघन करने पर चालानी कार्यवाही कर शमन शुल्क 7 हजार 5 सौ रूपये वसूल किया गया।

## एक ही बस में सवार होकर मकड़ाई की सांझ चौपाल पहुंचे जिले के अफसर



**जागरण, हरदा।** ग्रामीण क्षेत्रों में जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिला प्रशासन हरदा द्वारा सांझ चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार 9 जुलाई को जिले के ग्राम मकडाई में सांझ चौपाल का आयोजन किया गया है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक शशांक, वनमण्डलाधिकारी श्रीमती ज्योति मुडिया, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजली जोसेफ जोनाथन सहित सभी जिला अधिकारी इस सांझ चौपाल में सम्मिलित होने के लिए एक ही बस में कलेक्टर परिसर से रवाना हुए। प्रशासन की यह पहल टीम वर्क और ग्राम के प्रति प्रतिबद्धता का संदेश देती है। कलेक्टर श्री जैन ने बताया कि सांझ चौपाल में सभी विभागों के अधिकारी एक साथ उपस्थित रहेंगे, ताकि कोई भी आवेदक बिना समाधान के न लौटे। सांझ चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों की राजस्व, पेंशन, राशन, बिजली, पानी, आवास सहित अन्य समस्याओं का मौके पर निराकरण किया जा जाएगा। इस दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा विभागों में संचालित योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी जाएगी।

## भारतीय किसान संघ का धरना छठे दिन भी जारी, मूंग खरीदी की मात्रा बढ़ाने की मांग



**जागरण, हरदा।** जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी में भारतीय किसान संघ का धरना प्रदर्शन लगातार छठे दिन भी जारी रहा। किसान समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की निर्धारित मात्रा बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। धरना स्थल पर किसानों ने सरकार और प्रशासन से प्रति हेक्टेयर खरीदी की सीमा बढ़ाने की मांग की। उनका कहना है कि वर्तमान खरीदी व्यवस्था से बड़ी संख्या में किसान अपनी पूरी उपज समर्थन मूल्य पर नहीं बेच पा रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक किसानों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। किसानों ने शासन से शीघ्र निर्णय लेकर मूंग खरीदी की मात्रा बढ़ाने और सभी किसानों की उपज की खरीदी सुनिश्चित करने की मांग की है।

ग्राम गोगिया और छोटी छिपानेर में की थी चोरी

## घर में चोरी करने वाले तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



**जागरण, टिमरनी।** थाना टिमरनी पुलिस ने घर में घुसकर चोरी की दो अलग-अलग वारदातों का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपियों से नकदी भी बरामद की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक हरदा शंशाक के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित मिश्रा तथा एसडीओपी टिमरनी आकांक्षा तलया के निर्देशन में की गई। पुलिस के अनुसार पहला मामला 11 जनवरी 2026 का है, जब ग्राम गोगिया निवासी श्रीमती गौरा बाई बिल्लौरे ने शिकायत दर्ज कराई थी, कि उनके हरदा में पति के इलाज के दौरान अज्ञात चोर ने उनके बंद मकान का ताला तोड़कर अलमारी से नकदी, चांदी का कंदोरा एवं चांदी की पायल चोरी कर ली। इस मामले में थाना टिमरनी में अपराध क्रमांक 30/26 दर्ज किया गया था। दूसरी घटना 22 मई 2026 की है, जिसमें ग्राम छोटी छीपानेर निवासी सुनील केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि घर में रखी लोहे की पेटी से 12 हजार रुपये चोरी हो गए। इस मामले में अपराध क्रमांक 288/26 दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। दोनों मामलों की जांच के दौरान वरिष्ठ अधिकारी के मार्गदर्शन में पुलिस थाना टिमरनी की विशेष टीम गठित की गई। एसडीओपी आकांक्षा तलया के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज, साइबर सेल की तकनीकी सहायता और मुखबिर तंत्र की मदद से संदिग्धों की पहचान की। 8 जुलाई 2026 को मुखबिर से सूचना मिलने पर करताना से गाडरापुर मार्ग पर घेराबंदी कर तीन संदिग्धों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम संजय चौहान 22 वर्ष, ग्राम अमलाडा, अनुराग चौहान 27 वर्ष निवासी ग्राम गाडरापुर एवं अलीप सिंह 24 वर्ष, सिवनी मालवा बताया। तीनों ने ग्राम गोगिया और छोटी छीपानेर में हुई चोरी की घटनाओं में शामिल होना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों से 5-5 हजार रुपये नकद जब्त किए हैं। तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में एसडीओपी आकांक्षा तलया, थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश गौड़, उप निरीक्षक प्रकाश सोलंकी, उप निरीक्षक मनोज दुबे, सहायक उप निरीक्षक नानकराम कुशवाह तथा प्रधान आरक्षक योगेश पटेल की सराहनीय भूमिका रही।

# अजनाल नदी के उफनते पानी में कंधों पर अर्थी ले जाने को मजबूर

### अंतिम यात्रा में भी जद्दोजहद, आजादी के दशकों बाद भी विकास से दूर नजरपुरा

**जागरण, हरदा।** विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच हरदा जिले से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जो प्रशासनिक उदासीनता की पोल खोलती है। ग्राम पंचायत नजरपुरा में आज भी ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर उफनती नदी पार करनी पड़ रही है। बुधवार को एक महिला के अंतिम संस्कार के दौरान परिजनों को अजनाल नदी के बहते पानी के बीच से अर्थी को कंधों पर उठाकर ले जाना पड़ा। इस घटना के बाद से पुलिया निर्माण में हो रही देरी को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।



### 19 साल से न्याय का इंतजार

नजरपुरा के ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2007 में आई भीषण बाढ़ के बाद अजनाल नदी ने अपना प्राकृतिक मार्ग बदल लिया था। इसके बाद नदी की दो धाराओं ने मुक्तिधाम को चारों तरफसे घेर लिया, जिससे वहां पहुंचने का पारंपरिक रास्ता पूरी तरह बाधित हो गया। तब से लेकर आज तक लगभग 19 वर्षों से यहां एक स्थायी पुलिया का निर्माण नहीं हो सका है। बारिश के मौसम में जब नदी का जलस्तर बढ़ता है, तो मुक्तिधाम तक पहुंचना किसी बड़े खतरे से खाली नहीं होता।

### अंतिम संस्कार के लिए नदी पार करने के अलावा विकल्प नहीं

बुधवार को नजरपुरा निवासी 53 वर्षीय सीमा टीकाराम केवट का निधन हो गया था। उनके अंतिम संस्कार के लिए परिजनों और ग्रामीणों के पास नदी पार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। बारिश के कारण नदी में पानी का बहाव तेज था, लेकिन मजबूरी में ग्रामीणों ने अर्थी को कंधों पर उठाया और पानी के बीच से होते हुए किसी तरह मुक्तिधाम पहुंचे। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल बारिश में उन्हें इसी तरह की प्रताड़ना झेलनी पड़ती है। प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन जमीन पर स्थिति जस की तस बनी हुई है।

### पैसा तो है, कमी तो सिर्फ प्रशासनिक इच्छाशक्ति की

हैरानी की बात यह है कि इस समस्या के समाधान के लिए बजट की कोई कमी नहीं है, कमी है तो सिर्फ प्रशासनिक इच्छाशक्ति की। कुल अनुमानित लागत 44.32 लाख रुपये, जनपद पंचायत, विधायक निधि और ग्राम पंचायत से राशि की व्यवस्था हो चुकी है। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग से अभी तक इस परियोजना को तकनीकी स्वीकृति नहीं मिली है। इसी तकनीकी पेंच के कारण निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। नजरपुरा के ग्रामीणों का

धैर्य अब जवाब दे रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा से जल्द से जल्द तकनीकी स्वीकृति जारी कराकर पुलिया का निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि इस गंभीर समस्या का शीघ्र स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

## 11 जुलाई को कई क्षेत्रों में रहेगी बिजली बंद, पॉवर ट्रांसफार्मरों की बढ़ेगी क्षमता

जागरण, हरदा। शहर में बढ़ती विद्युत मांग को देखते हुए मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने बिजली व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए पावर ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके तहत 33/11 केवी हरदा शहर उपकेंद्र पर पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता 8 एमवीए से बढ़ाकर 10 एमवीए तथा 33/11 केवी ग्वालनगर उपकेंद्र पर 5 एमवीए से बढ़ाकर 8 एमवीए की जाएगी। कंपनी के अनुसार इस क्षमता वृद्धि से उपभोक्ताओं को कम वोल्टेज, बार-बार ट्रिपिंग और ओवरलोडिंग जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी। साथ ही नए बिजली कनेक्शनों और भविष्य में बढ़ने वाली मांग के अनुरूप शहर की विद्युत व्यवस्था अधिक मजबूत और विश्वसनीय बनेगी, जिससे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। क्षमता वृद्धि के लिए नए पावर ट्रांसफार्मरों की स्थापना और तकनीकी कार्य किए जाएंगे। इसके चलते 11 जुलाई शनिवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निर्धारित समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 33ध्1 केवी हरदा शहर उपकेंद्र से जुड़े सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति सुबह 10.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक बंद रहेगी। 33/11 केवी ग्वालनगर उपकेंद्र से जुड़े सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति दोपहर 1.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक बाधित रहेगी। कंपनी ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।

# नो एंट्री के आदेश से समस्याएं, कारोबारी और वाहन मालिकों का कलेक्टर के नाम ज्ञापन

### कारोबार में आई मंदी, निर्माण सामग्री महंगे दामों में उपलव्ध होने की आशंका

**जागरण गाड़रवारा।** कलेक्टर के नो एंट्री के आदेश के बाद से कारोबारियों में निराशा का माहौल बन गया है। व्यापारियों ने बताया कि कलेक्टर के नो एंट्री आदेश से कारोबार में मंदी देखने को मिल रही है जिससे आने वाले समय में निर्माण सामग्री महंगे दामों पर उपलब्ध होने की आशंका है। नो एंट्री से संबंधित आदेश के कारण उत्पन्न समस्याओं को लेकर कारोबारी एवं वाहन मालिक कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वाहन मालिकों ने उल्लेख किया कि स्टेट हाईवे क्रमांक.22 गाडरवारा से पिपरिया एवं हाईवे क्रमांक.44 गाडरवारा से उदयपुरा मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन हेतु प्रातः 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक नो एंट्री लागू की गई है। इससे रेत गिट्टी एम.सैंड मुरम कोपरा सहित अन्य निर्माण सामग्री के वैध कारोबारियों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



व्यापारियों ने ज्ञापन में बताया कि ई.टीपी एवं रॉयल्टी की समय सीमा के दौरान नो एंट्री के कारण वाहन मार्ग में खड़े रहते हैं जिससे ई.टीपी की वैधता समाप्त हो जाती है और तकनीकी कारणों से नियम उल्लंघन की स्थिति बन जाती है। इसके चलते वाहन मालिकों को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि रात्रिकालीन अनलोडिंग व्यवहारिक नहीं है। रात 9 बजे के बाद अधिकांश निर्माण कार्य बंद हो जाते हैं और आम नागरिक व ठेकेदार सामग्री उतरवाने के लिए उपलब्ध नहीं रहते।

रिहायशी क्षेत्रों में देर रात डंपर एवं अन्य वाहनों से सामग्री खाली कराने पर ध्वनि प्रदूषण एवं विवाद की स्थिति भी उत्पन्न होती है। व्यापारियों का कहना है कि नो एंट्री का यह आदेश न तो प्रशासन के उद्देश्यों की पूर्ति कर पा रहा है और न ही वैध व्यापार को सुचारु रूप से संचालित होने दे रहा है। उन्होंने प्रशासन को भरोसा दिलाया कि यदि नो एंट्री का आदेश वापस लिया जाता है तो वे वाहनों को तिरपाल से ढंककर चलाएंगे ओवरलोडिंग नहीं करेंगे तथा जन सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था प्रभावित न होए इसका पूरा ध्यान रखेंगे। कारोबारियों ने कलेक्टर से जनहित को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि इस संवेदनशील मुद्दे पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो रेत गिट्टी एम.सैंड कोपरा मुरम एवं अन्य निर्माण सामग्री के वैध परिवहनकर्ता वाहन मालिक एवं चालक नरसिंहपुर दमोह कटनी सागर रायसेन भोपाल विदिशा अशोकनगर तथा जबलपुर सहित विभिन्न जिलों में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल एवं आंदोलन करने के लिए विवश होंगे।

## मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराने नपा की सख्ती

### स्टेशन क्षेत्र से शुरू हुई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही

**जागरण गाडरवारा।** नगर के मुख्य मार्गो पर फैले अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही अभी रूकी नहीं है। रेलवे स्टेशन क्षेत्र से सड़क किनारे हुये अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही शुरू हो गई है। सीएमओ श्रीमति रितु मेहरा स्वयं नपा अमले के साथ पहुंची और चीचली तिराहा से लेकर रेलवे स्टेशन तक मुख्य मार्गो के फुटपाथ पर लगी दुकानों को पीछे करवाया और सड़क के किनारे रखे टीन के टपरों को 24 घण्टों के अंदर हटाने की हिदायत दी है।

उल्लेखनीय है कि नगर के मुख्य मार्गो पर अतिक्रमण का जाल फैला हुआ है और नगर को अतिक्रमण मुक्त किये जाने के लिये नगर पालिका ने कमर कस ली है। सीएमओ श्रीमति मेहरा ने बताया कि मुख्य मार्गो के अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही जारी रहेगी। अतिक्रमण करने वालों से अपील की है कि वे स्वयं ही अपने अपने अतिक्रमणों को हटा लें अन्यथा की स्थिति में जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाया जाएगा साथ ही जुर्माने की कार्यवाही भी प्रस्तावित की जाएगी। अतिक्रमण हटाने के दौरान स्वास्थ्य शाखा प्रभारी संजय सेनए बबलू चौहान एवं उनकी टीम राजस्व प्रभारी अमित कोष्टी सहित नगर पालिका अमला मौजूद रहा। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।



## पोषण प्रहरी अभियान के तहत कुपोषित बच्चे को लिया गोद पोषण किट का किया वितरण



**जागरण, हरदा।** जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर के निर्देशन में संचालित पोषण प्रहरी अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उनके पोषण और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत हरदा शहरी पर्यवेक्षक श्रीमती पूजा चौहान ने वार्ड क्रमांक-34 स्थित मदीना कॉलोनी के कुपोषित बालक साद खान पिता शाहरुख खान को गोद लिया। इस अवसर पर बच्चे को पोषण किट वितरित की गई तथा परिवार को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व की जानकारी देकर उचित खान-पान अपनाने की समझाइश दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में संचालित इस अभियान का उद्देश्य जनसहभागिता के माध्यम से कुपोषित बच्चों को आवश्यक पोषण उपलब्ध कराकर उन्हें कुपोषण से मुक्त करना है। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी सुश्री भारती भल्लावी, पर्यवेक्षक पूजा चौहान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बबली कैथवास, सहायिका सहित वार्ड की महिलाएं उपस्थित रहीं।

सामाजिक कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

## गाली मुक्त समाज अभियान को मिल रहा व्यापक समर्थन



**जागरण, टिमरनी।** नगर में नितिन कुमार दुबे द्वारा शुरू किए गए गाली मुक्त समाज अभियान को लगातार जनसमर्थन मिल रहा है। अभियान का उद्देश्य विशेष रूप से मां-बहनों के सम्मान की रक्षा करना तथा उनके नाम पर अपशब्दों के प्रयोग को रोकना है। इस जनजागरण अभियान के अंतर्गत नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे अपने दैनिक व्यवहार में किसी भी प्रकार की अभद्र एवं अपमानजनक भाषा का प्रयोग न करें। व्हाट्सएप के माध्यम से भी लोगों को अभियान से जोड़कर गाली मुक्त समाज एवं जल सेवा समिति के उद्देश्य, संकल्प और सेवा के तहत जागरूकता फैलाई जा रही है। इसी क्रम में नगर के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अभियान का समर्थन करते हुए गाली मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया। साथ ही पहल संस्था ने भी इस पहल का समर्थन करते हुए अपने कार्यालय को गाली निषेध क्षेत्र घोषित किया। अभियान के संयोजक नितिन कुमार दुबे ने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी भाषा और व्यवहार में सुधार लाना होगा। यदि सभी लोग इस संकल्प का पालन करेंए तो आने वाली पीढ़ी को सम्मानजनक और संस्कारित वातावरण मिल सकेगा। यह अभियान टिमरनी में सामाजिक जागरूकता और सभ्य संवाद की दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## 38 वर्षों की उत्कृष्ट सेवा के बाद सोनी सेवानिवृत्त, सम्मान समारोह में कर्तव्यनिष्ठा को याद करते हुए दी विदाई

### शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किये

**जागरण, हरदा।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खिरकिया के व्याख्याता एवं विकासखंड विज्ञान अधिकारी जेपी सोनी 30 जून 2026 को 38 वर्ष की शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में 9 जुलाई को सीताराम गार्डन में परिवारजनों, मित्रों, सहकर्मियों एवं शुभचिंतकों द्वारा सम्मान समारोह एवं स्नेहभोज का आयोजन किया गया। जेपी सोनी ने वर्ष 1988 में व्याख्याता के रूप में अपनी शासकीय सेवा की शुरुआत की थी। उन्होंने विभिन्न विद्यालयों में सेवाएं देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। वर्ष 2015 से वे विकासखंड विज्ञान अधिकारी के रूप में भी कार्यरत रहे और 30 जून 2026 को अपनी सेवाएं पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि जेपी सोनी ने अपने 38 वर्षों के सेवाकाल में हजारों विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया तथा शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके अनुशासन, सरल स्वभाव, कर्तव्यनिष्ठा और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण की सभी ने सराहना की। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारी, सेवानिवृत्त शिक्षक, सामाजिकजन, मित्र एवं परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने श्री सोनी को शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



# ९ सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेस का तहसील घेराव, पुलिस ने वाटर कैनन से सभी को रोका

## किसानों की समस्याओं समेत ९ मांगों पर कांग्रेस का प्रदर्शन



**बैतूल/जागरण।** ९ सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेस का किसानों की समस्याओं, क्षेत्र में बढ़ते नशे के कारोबार, नगर परिषद में कथित भ्रष्टाचार समेत विभिन्न जनहित के मुद्दों को लेकर गुरुवार को कांग्रेस ने चिचोली में जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय का घेराव करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने बैरिकेड लगाकर उन्हें रोक दिया। प्रदर्शनकारियों के आगे बढ़ने की कोशिश करने पर पुलिस ने स्थिति नियंत्रित करने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। बाद में कांग्रेस नेताओं ने राज्यपाल के नाम संबोधित ९ सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

प्रदर्शन की शुरुआत बाजार चौक पर आयोजित सभा से हुई। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने किसानों को खाद-बीज वितरण में आ रही समस्याओं, क्षेत्र में बढ़ते नशे के कारोबार, नगर परिषद में कथित भ्रष्टाचार, लगातार हो रही बिजली कटौती और वन भूमि के पट्टों जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। नेताओं ने सरकार पर जनहित के मुद्दों की अनदेखी करने का आरोप लगाया और कहा कि आम जनता विभिन्न समस्याओं से जूझ रही है। सभा के बाद बस स्टैंड पर नुक्कड़ सभा आयोजित की गई, जहां कांग्रेस नेताओं ने सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए जनता से आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया। इसके बाद बाजार चौक से जय स्तंभ चौक होते हुए तहसील कार्यालय तक रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में झंडे और बैनर लेकर नारेबाजी करते हुए शामिल हुए। तहसील कार्यालय पहुंचने पर पहले से तैनात पुलिस बल ने बैरिकेड लगाकर प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोक दिया। इस दौरान कुछ कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड पार करने का प्रयास किया, जिससे पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। पानी की तेज बौछार के बावजूद कार्यकर्ता नारेबाजी करते रहे। कुछ देर तक मौके पर तनावपूर्ण माहौल बना रहा, हालांकि पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में रखा। इसके बाद कांग्रेस नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को राज्यपाल के नाम 9 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों के लिए ई-टोकन प्रणाली के कारण खाद-बीज वितरण में हो रही परेशानियों को दूर करने, एमडी ड्रग्स और अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई करने, अयोध्या स्थित श्रीराम लला मंदिर के दान पात्र चोरी मामले में दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने, नगर परिषद चिचोली में कथित भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच कराने तथा नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। इसके अलावा ज्ञापन में मुख्यमंत्री और उनके परिवार की कथित भूमि खरीद की न्यायिक जांच, वन ग्रामों के पात्र हितग्राहियों को भूमि के पट्टे प्रदान करने, पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण की नीति पर पुनर्विचार करने तथा बिजली कटौती पर रोक लगाने और बढ़े हुए बिजली बिलों में राहत देने की मांग भी शामिल थी। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा, विधानसभा प्रभारी हर्षवर्धन बघेल, ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष सुभाष यादव, शहर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल पटेल, पूर्व विधायक ब्रह्मा भलावी, राजेंद्र जायसवाल, बटनू पटेल, अनिल भुसारी मौजूद रहे।

## बाजार से लोगों के मोबाइल चोरी करने वाले 2 पकड़ाए, 1.38 लाख के मोबाइल बरामद

**मुलताई।** नगर में बैतूलरोड मंगलवार बाजार से 2 लोगो के मोबाइल चोरी करने वाले 2 लोगो पकड़कर उनके पास से चोरी किए 2 मोबाइल बरामद किए है। टीआई विकास पटेल ने बताया बीते दो दिन पहले मंगलवार 7 जुलाई को फरियादी योगेश साहू उम्र 44 वर्ष, निवासी बंगाली कालोनी, मुलताई ने अरिहंत लान के संचालक राजू जैन के साथ थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि शाम करीब 4:30 बजे जब वे मंगलवारा बाजार में सब्जी (आलू) खरीद रहे थे, तभी कुछ अज्ञात लड़कों ने जबरदस्ती पास आकर उनकी शर्ट की जेब से उनका रेडमी 5त्र मोबाइल कीमत 18 हजार रुपए और राजू जैन का सैमसंग अल्ट्रा स्-24 मोबाइल कीमत 1 लाख 20 हजार रुपए का झपट लिया और भीड़ का फायदा उठाकर भाग गए। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा धारा 304(2), 3(5) ब्न्हृस् के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के सीसीटीवी (ष्टष्टञ्जङ्क) फुटेज खंगाले गए और तकनीकी साक्ष्यों की मदद ली गई। घेराबंदी कर पुलिस ने मंगलवारा बाजार से दो संदिग्धों को पकड़कर पूछताछ करने पर मोबाइल चोरी कफना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा आरोपी प्रमोद पिता मुकेश राजपूत जाति पारधी, उम्र 24 साल, निवासी ग्राम मसखापर, थाना काटोल एवं एक अपचारी बालक को गिरफ्तार कर उनके पास से एक रेडमी 5त्र मोबाइल 18 हजार रुपए एवं एक सैमसंग अल्ट्रा स्-24 मोबाइल कीमत 1 लाख 20 हजार रुपए का कुल 1लाख 38 हजार रुपए के मोबाइल विधिवत जप्त कर आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक विकास पटेल, सउनि श्रीराम मांडवी, प्र.आर. सोनू ठाकुर, आर. अरविंद पटेल, आर. विवेक चौरे, आर. प्रिंस, आर. सोवाराम और आर. नरेन्द्र कुशवाह की सराहनीय भूमिका रही।

## पवित्र नगरी में अवैध शराब बेच रहे तीन धराए

**मुलताई।** पवित्र नगरी मुलताई में शराब पर प्रतिबंध होने के बधाई भी अवैध रूप से शराब बेच रहे 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर अवैध शराब जप्त की है। टीआई विकास पटेल ने बताया बीते 8 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मुलताई कस्बा क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना पर मुलताई पुलिस ने तुरंत टीमें गठित कर योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की। कार्यवाही के दौरान आरोपी राजेन्द्र पिता धनराज शिवहरे निवासी पटेल वार्ड मुलताई से 17 पाव देशी शराब जप्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 1 हजार 480 रुपए, आरोपी देवेन्द्र पिता भंगुसिंह परमार निवासी तिलक वार्ड मुलताई के कब्जे से 15 पाव देशी प्लेन मदिरा जप्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 1 हजार 200 रुपए तथा आरोपी मनीष पिता श्रीराम पवार निवासी पटेल वार्ड मुलताई से 40 पाव देशी प्लेन, 40 पाव देशी मसाला और 06 पाव ओसी शराब जप्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 8 हजार 660 रुपए है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से कुल 118 पाव मदिरा कुल 21लीटर 240 मिली लीटर विधिवत जप्त की गई, जिसका कुल बाजार मूल्य 11हजार 340 आंका गया है, पुलिस द्वारा तीनो आरोपियों के. खिलाफ अलग अलग धारा 34(1) आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक विकास पटेल, प्रधान आरक्षक सुशील धुर्वे, आरक्षक अरविन्द, आरक्षक प्रिंस, आरक्षक नरेन्द्र कुशवाह, आरक्षक विवेक, आरक्षक सेवाराम और आरक्षक राजा वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

## प्रभात पट्टन से अमरावती घाट एवं सावंगी जोड़ मार्ग हुआ जर्जर

**मुलताई।** प्रभात पट्टन से सावंगी जोड़ एवं अमरावती घाट मार्ग बारिश में जर्जर हो चूका है, कि स्थानों पर मार्ग पूरी तरह से दलदल हो चुका है। जिसके वाहन चालकों एवं यात्रियों को परेशानी का सामना कफना पड़ रहा है। बताया जाता है इस मार्ग से होते हुए करीब 15 से 20 यात्री बसें इंदौर भोपाल चलती है। इसके पूर्व बारिश के समय यात्री बसों को बघोड़ा होते हुए बैतूल भोपाल इंदौर जाना पड़ता था जिससे कई गांव का आवागमन रुक गया था, दो -दो मार्ग बंद रहने से स्कूल के बच्चे समय पर प्रभात पट्टन नहीं आ पाए थे और साप्ताहिक बाजार में भी व्यापारी अपनी दुकान लेकर प्रभात पट्टन नहीं आ पाते थे। तत्कालीन कलेक्टर ने भी इस मार्ग का निरीक्षण किया था और ग्रामीण और स्कूल के बच्चों को आश्वासन दिया था इस मार्ग का जल्दी निर्माण कार्य कराया जाएगा। लेकिन ग्रामीणों की मांग और बच्चों की मांग पर जन प्रतिनिधियों द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है।क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग का जल्दी निर्माण कार्य नहीं होता है तो आने वाले समय में जनप्रतिनिधियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

## मां ताप्ती जन्मोत्सव के प्रचार प्रसार के लिए आज निकलेगा रथ



**मुलताई/जागरण।** सूर्य पुत्री मां ताप्ती तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा लगातार 9वर्षो से क्षेत्र के करीब 125 ग्रामो में सात दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है, लगातार दसवे वर्ष में भी कार्यक्रमो का आयोजन किया जाना है, कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के लिए शुक्रवार ताप्ती तट से मां ताप्ती रथ निकाला जाएगा। गुरुवार कि पत्रकार वार्ता आयोजित कर न्यास के सदस्य डॉ राजेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व नपा अध्यक्ष हेमंत शर्मा, जयेश सघवी, पूर्व मंडल अध्यक्ष हनी भार्गव, गुड्डू पवार ने बताया साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजन को लेकर क्षेत्र में प्रचार प्रसार के लिए रथ यात्रा 125 ग्रामों में निकाली जाएगी। रथ यात्रा 10 जुलाई को पवित्र नगरी से निकलकर थाना साईखेड़ा पहुंचेगी जो क्षेत्र में प्रचार प्रसार करेगी, जिसका 13 जुलाई तक जोलखेड़ा में समापन होगा।14 जुलाई एक सैकड़ा ग्रामो के मंदिर में मां ताप्ती जल कलश पुजन स्थापना 15 जुलाई को सभी ग्रामो में स्वच्छता कार्यक्रम, 16 जुलाई को नगर सहित ग्रामो में गौ पूजन एवं गौ रक्षक का संकल्प एवं संगोष्ठी, 17 जुलाई को ग्रामीण के ताप्ती उपवन में पौधारोपण, 18 जुलाई को खिचड़ी संग्रह और समरसता यज्ञ, 19 जुलाई को ताप्ती तट पर प्रतियोगिता होगी।

## रामलीला के कलाकारों का किया स्वागत

**सीहोर।** शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में रामलीला का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रयाग राज से आए रामलीला के कलाकारों ने कुंभकरण वध, नारांतक वध, विभिषण द्वारा राम को रावण के पेट में अमृत कुंड का रहस्य बताना, रावण वध, राम-भरत मिलाप की लीलाओं का मंचन हुआ। इस मौके पर रामलीला के कलाकारों का स्वागत करने के लिए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ने मंदिर के संत माधवदास महाराज, रामलीला मंडल के महंत बृजेश शर्मा आदि का स्वागत सम्मान किया गया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट, संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा आदि शामिल थे।

**न्यायालय तहसीलदार प्रभात पट्टन जिला बैतूल म.प्र.।**

रा.प्र. क्र. : 8423/6/2024-25 मौजा प्रभात पट्टन नियत दि. 16/07/2026
लक्ष्मण पिता झलुक्या
निवासी प्रभात पट्टन जिला बैतूल-------**आवेदक।**
**बनाम**
अलोखी एवं अन्य---------------**अनावेदकगण।**
1-अलोखी पिता दशरया 2-नत्थ्या पिता झलुक्या, 3- फत्या पिता झलुक्या, 4-लवकुश पिता झलुक्या, 5-सोनी पिता झलुक्या, 6-गुना पिता झलुक्या, 7-सिन्धू पिता झलुक्या, 8- नानी बेवा गोधू, 9- कृष्णा पिता गोधू, 10-दुरीबाई पिता गोधू, 11-संगीता बेवा संजू, 12-संदीप पिता संजू, 13-पार्वती पिता झलुक्या, 14-गंगा पिता झलुक्या, 15-मंगा पिता झलुक्या, 16-लक्ष्मी पिता झलुक्या, 17-शिवरती पिता झलुक्या, 18-दुर्गा पिता झलुक्या, 19-कलावंती पिता झलुक्या, 20-अंजू पिता झलुक्या, 21-मंजू पिता झलुक्या, 22-सतीष पिता झलुक्या सभी निवासी प्रभात पट्टन तह0 प्रभात पट्टन जिला बैतूल।
आवेदक ने इस न्यायालय मे आप अनावेदकगणों के विरूद्ध मौजा प्रभात पट्टन स्थित भूमि खसरा नं. 634 रकबा 0.223 हे. भूमि पर वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण हेतु प्रकरण पेश किया है। अत: आप अनावेदकगणों को सूचित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 16/07/2026 को समय सुबह 11.00 बजे उपस्थित होकर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के मार्फत अपनी प्रतिरक्षा में जवाब/आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि आप नियत तिथि पर उपस्थित नहीं होते है तो आपकी अनुपस्थिति में आपके खिलाफ एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। यदि नियत तिथि पर कोई सार्वजनिक अवकाश घोषित होता है अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्यदिवस पर की जावेगी।
अत: आज दिनांक 10/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**प्रभातपट्टन जिला बैतूल**

## सड़क परियोजना पर अर्चना चिटनिस सख्त

**जागरण,बुरहानपुर।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने सिंधीबस्ती से लोनी स्थित मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र सीमा तक प्रस्तावित 8.65 किलोमीटर लंबे सीमेंट कांक्रीट मार्ग का स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्य की समीक्षा की। 54.13 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क परियोजना के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता,पारदर्शिता और निर्धारित समय -सीमा का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान निर्माण कार्य की गति पर असंतोष जताते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि परियोजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बिजली विभाग को सड़क निर्माण में बाधा बन रहे पोल, ट्रांसफार्मर और विद्युत लाइनों को प्राथमिकता के आधार पर हटाने के निर्देश दिए। अर्चना चिटनिस ने यह भी कहा कि शनवारा से गणपतिनाका तक निर्माणाधीन सड़क पूरी होने से पहले शहर के भीतर नए हिस्से में निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जाए,ताकि आम लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

## गुंडा अमन लाला के खुलासों से खुला अवैध हथियारों का नेटवर्क, तीन पिस्टल के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

### रिवॉल्वर से फायरिंग कर रील बनाने वाले साथियों के नाम उगले, मोघट पुलिस की कार्रवाई जारी

**जागरण,खंडवा।** मोघट थाना पुलिस की रिमांड पर चल रहे कुख्यात बदमाश सैयद अलबक्श उर्फ अमन लाला से पूछताछ में लगातार बड़े खुलासे हो रहे हैं। पुलिस की सख्त पूछताछ में अमन ने उन साथियों के नाम बताए हैं, जिन्हें वह अवैध पिस्टल उपलब्ध कराता था और जो हथियारों से फायरिंग कर सोशल मीडिया पर रील बनाकर दहशत फैलाने का प्रयास करते थे।

अमन के खुलासों के आधार पर मोघट थाना पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए तीन अवैध पिस्टलों के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि इन हथियारों का इस्तेमाल अलग-अलग वाहनों में बैठकर फायरिंग करने और उसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के लिए किया गया था।

पुलिस के अनुसार, मोघट रोड थाना के अपराध क्रमांक 167/26 में रिमांड पर चल रहे अमन उर्फ लाला निवासी बापूनगर ने पूछताछ में बताया कि उसने पिस्टल अरबाज पिता शहजाद मंसूरी निवासी चैनपुर सरकार हाल मुकाम आजाद नगर इंदौर, सुफियान पिता अतीक खान निवासी इमलीपुरा तथा अयान पिता अनवर निवासी चंपानगर रामेश्वर को दी थीं। इन लोगों ने अलग-अलग स्थानों पर वाहनों में बैठकर फायरिंग की और उसकी रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड की।



मोघट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अमन, अरबाज और सुफियान के कब्जे से तीन अवैध पिस्टल बरामद कर लीं। वहीं, हथियार उपलब्ध कराने और बिक्री में सहयोग करने के आरोप में अयान को भी गिरफ्तार किया गया है। चारों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि अमन से पूछताछ अभी जारी है और उसके खुलासों के आधार पर अवैध हथियारों के नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की भी जल्द गिरफ्तारी हो सकती है। साथ ही उसके अवैध कारोबार और आपराधिक गतिविधियों से जुड़े अन्य पहलुओं की भी गहन जांच की जा रही है।

इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी विकास खींची के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सुभाष नावड़े, उपनिरीक्षक रूप सिंह सोलंकी, आरक्षक अमित यादव, शेखर, अंकुश और संजय की टीम सक्रिय भूमिका निभा रही है।

## ऑपरेशन हमदर्द : खंडवा स्टेशन पर मिले बेसहारा बुजुर्ग को जीआरपी ने परिवार से मिलाया



**जागरण,खंडवा।** जीआरपी भोपाल द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन हमदर्द' के तहत खंडवा रेलवे स्टेशन पर बेसहारा अवस्था में मिले 65 वर्षीय बुजुर्ग को उनके परिजनों से मिलाकर घर पहुंचाया गया। अभियान के तहत स्टेशन और रेलवे परिसर में मिले जरूरतमंद एवं असहाय लोगों की पहचान कर उनका डिजिटल डोजियर तैयार किया जा रहा है।

जीआरपी के अनुसार 1 से 31 जुलाई तक चल रहे इस विशेष अभियान के सातवें दिन रेलवे स्टेशन, मुसाफिरखाना और आसपास के क्षेत्रों में सघन जांच की गई। इस दौरान मिले व्यक्तियों का सत्यापन कर उनकी पहचान सुनिश्चित की जा रही है तथा उनके परिजनों से संपर्क कर पुनर्वास की कार्रवाई की जा रही है। अब तक 16 पुरुष और 9 महिलाओं सहित कुल 25 लोगों का डिजिटल डोजियर तैयार किया जा चुका है।

इसी अभियान के दौरान थाना प्रभारी एम.पी. ठक्कर और उनकी टीम ने खंडवा रेलवे स्टेशन परिसर में चेकिंग के दौरान शंकर बुनकर (65) निवासी ग्राम बड़गांव माली, जिला खंडवा को असहाय अवस्था में पाया। पूछताछ के बाद उनका डोजियर तैयार किया गया और उन्हें परिवार के साथ रहने की समझाइश दी गई। इसके बाद आरक्षक विनोद कुमार एवं मोहम्मद मेहफूज उन्हें सुरक्षित उनके गांव ले गए, जहां पत्नी कमलबाई बुनकर के सुपुर्द किया गया। जीआरपी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य बेसहारा, लावारिस एवं जरूरतमंद लोगों को उनके परिवारों से मिलाकर उनका पुनर्वास सुनिश्चित करना है।

## महापौर ने जल संयंत्रों और निर्माणाधीन फायर स्टेशन का किया निरीक्षण



**जागरण खंडवा।** शहर में पेयजल व्यवस्था और अग्निशमन सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से महापौर अमृता अमर यादव के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों और नगर निगम अधिकारियों ने गुरुवार को सर्किट हाउस जल वितरण केंद्र, जसवाड़ी जल शोधन संयंत्र तथा निर्माणाधीन फायर स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान जल गुणवत्ता की जांच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सर्किट हाउस स्थित जल वितरण केंद्र पर महापौर के निर्देश पर पेयजल की गुणवत्ता की मौके पर जांच कराई गई। परीक्षण में रंग, स्वाद, गंध, पीएच, टीडीएस, हार्डनेस, रेसिडुअल क्लोरीन सहित सभी मानक संतोषजनक पाए गए। महापौर ने कहा कि शहरवासियों को शुद्ध और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसकी नियमित निगरानी की जाए।

इसके बाद निरीक्षण दल जसवाड़ी जल शोधन संयंत्र पहुंचा, जहां वर्षाकाल में नदी से आने वाले मटमैले पानी के शोधन की प्रक्रिया देखी गई। महापौर ने फिटकरी और ब्लीचिंग पाउडर का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने तथा पेयजल आपूर्ति संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। पंप स्टेशन और क्लोरीनेशन स्टेशन की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की गई।

निरीक्षण के अंतिम चरण में करीब दो एकड़ क्षेत्र में बन रहे आधुनिक फायर स्टेशन का अवलोकन किया गया। महापौर ने भवन की बड़ी छत को देखते हुए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि यहां चार अग्निशमन वाहनों के लिए पार्किंग, संचालन की आधुनिक सुविधाएं तथा विद्यार्थियों और नागरिकों के लिए फायर सेफ्टी एवं आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाएगा। महापौर ने निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

## दो पिकअप में ठूंसकर ले जाए जा रहे छह बैल मुक्त,दो तस्कर गिरफ्तार

**जागरण खंडवा।** जिले में अवैध गौवंश परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बोरगांव चौकी पुलिस ने गुरुवार को दो पिकअप वाहनों से क्रूरतापूर्वक ले जाए जा रहे छह बैलों को मुक्त कराया। पुलिस ने मौके से दोनों वाहन जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार चौकी प्रभारी अविनाश भोपले को मुखबिर से सूचना मिली थी कि छैगांव माखन की ओर से दो पिकअप वाहनों में गौवंश को क्रूरतापूर्वक भरकर महाराष्ट्र की ओर वध के लिए ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने एपेल होटल के पास घेराबंदी कर पिकअप क्रमांक एमपी-12 जेई-2919 और एमपी-54 जीए-0860 को रोककर तलाशी ली।




जांच में एक वाहन से चार बैल और दूसरे से दो बैल रस्सियों से बांधकर अमानवीय तरीके से भरे हुए मिले। पुलिस ने सभी छह बैलों को मुक्त कर दोनों पिकअप जब्त कर लिए।

पुलिस ने पप्पू पिता कैलाश गाढ़े (28) निवासी टेमीकला थाना छैगांव माखन तथा राजा पिता रामदास कुशवाह (19) निवासी छैगांव, थाना पंधाना को गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। न्यायालय में पेश करने के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया।

इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अविनाश भोपले, सहायक उपनिरीक्षक चंद्रकांत महाजन, प्रधान आरक्षक राकेश अवासे और आरक्षक धर्मेंद्र भावस्कर की सराहनीय भूमिका रही।

## साइकिल से पहुंचे कलेक्ट्रेट, ज्ञापन देकर लौटे कार-बाइक से महंगाई के विरोध का अनोखा प्रदर्शन



**जागरण,बुरहानपुर।** बढ़ती महंगाई और विद्यार्थियों की परिवहन समस्याओं को लेकर गुरुवार को युवक कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अनोखे अंदाज में प्रदर्शन किया। कांग्रेस के पदाधिकारी साइकिल और बाइक से नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री तथा परिवहन मंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर राजेश पाटीदार को ज्ञापन सौंपा। हालांकि प्रदर्शन के बाद अधिकांश नेता अपनी साइकिलें लोडिंग वाहन में रखकर कार और बाइक से लौट गए, जिसकी चर्चा भी होती रही।

युवक कांग्रेस के %छात्रों की गूंज% अभियान के तहत सौंपे गए ज्ञापन में विधानसभा अध्यक्ष ठाकुर देवेश्वर सिंह ने कहा कि प्रदेश में लगातार बढ़ रही महंगाई से आमजन और विद्यार्थी सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण सार्वजनिक परिवहन का किराया भी बढ़ गया है, जिससे रोजाना आने-जाने वाले विद्यार्थियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

ज्ञापन में मांग की गई कि विद्यार्थियों को सार्वजनिक परिवहन में मासिक पास की सुविधा उपलब्ध कराई जाए तथा बस किराए में 50 प्रतिशत की छूट दी जाए। साथ ही शिक्षा से जुड़े आर्थिक बोझ को कम करने और विद्यार्थियों को राहत देने के लिए सरकार प्रभावी कदम उठाए।

युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्जुन जंगाले ने कहा कि सरकार को विद्यार्थियों के हित में परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाते हुए रियायती यात्रा सुविधा उपलब्ध करानी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में युवक कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज कॉर्नर

### 30 अवैध वेंडरों पर कसा शिकंजा

**जागरण, इटारसी।** रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा पुख्ता करने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए शासकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल ने संयुक्त रूप से एक मेगा चेकिंग अभियान चलाया। इस औचक कार्रवाई से स्टेशन परिसर और ट्रेनों में हड़कंप मच गया। संयुक्त टीम ने सभी प्लेटफॉर्मों, प्रतीक्षालयों और स्टेशन से गुजरने वाली मुख्य ट्रेनों के जनरल व स्लीपर कोचों में सघन चेकिंग कर 30 संदिग्धों को हिरासत में लिया है, जिनके आपराधिक रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। इसके साथ ही ट्रेनों में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले और यात्रियों को सामग्री बेचने वाले अनधिकृत वेंडरों को दबोचकर रेलवे अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए हैं।

### आज रवाना होंगे मां वैष्णोदेवी के भक्त

**जागरण, इटारसी।** आस्था और 51 वर्षों की अटूट परंपरा को समेटे श्रीवैष्णो देवी का ऐतिहासिक जत्था 10 जुलाई को इटारसी रेलवे स्टेशन से रवाना होगा। जत्था प्रभारी व संचालक सतीश बतरा के नेतृत्व में निकलने वाले इस 51 वे वर्ष के जत्थे को लेकर भक्तों में भारी उत्साह है। तय कार्यक्रम के अनुसार, मां के भक्तों का यह जत्था शुक्रवार सुबह ठीक 7:20 बजे इटारसी रेलवे स्टेशन से अंडमान एक्सप्रेस द्वारा जम्मू-कटरा के लिए प्रस्थान करेगा। जत्थे के संचालक सतीश बतरा और उनकी टीम ने बैनर, झंडे और भजन मंडली के साथ सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। 11 जुलाई को जत्थे के कटरा पहुंचते ही वहां समिति द्वारा एक देवी जागरण और महाभंडारे का आयोजन होगा।

### नपा ने एक ही दिन में 135 पशु पकड़े

**जागरण, इटारसी।** नगर पालिका परिषद के अमले ने विभिन्न क्षेत्रों से कुल 135 बेआसरा मवेशियों को पकड़ा और उन्हें सुरक्षित अस्थायी गौशाला भिजवाया। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू करना, मवेशियों के कारण होने वाले सड़क हादसों को रोकना और स्वच्छता बनाए रखना है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने पशुपालकों से इस मुहिम में सहयोग की अपील की है।

### परेशानी देख मलबे से भरी सड़क

**जागरण, इटारसी।** पथरोटा क्षेत्र की बिहारी कॉलोनी में कीचड़ और दलदल से सराबोर कच्ची सड़क से स्कूल जाने को मजबूर छात्राओं की समस्या का आखिरकार समाधान हो गया है। इस गंभीर मुद्दे को प्रमुखता से उठाने और वार्ड नंबर 1 के कांग्रेस पार्षद दिलीप गोस्वामी के लगातार प्रयासों के बाद प्रशासन ने कदम उठाया है। इस कार्य में पथरोटा ओमकार सिंह सिसौदिया एवं सरपंच प्रतिनिधि का भी सहयोग रहा।

### इटारसी नगर पालिका का दावा कोर्ट ने सव्यय खारिज किया, लोकायुक्त और कलेक्टर के पत्र को नहीं माना पर्याप्त आधार

# बिना ठोस कानूनी आधार के निरस्त नहीं हो सकते सरकारी पट्टे : कोर्ट

**जागरण, इटारसी।** प्रथम व्यवहार न्यायालय वरिष्ठ खण्ड (द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश) ने एक महत्वपूर्ण विधिक फैसले में स्पष्ट किया है कि केवल प्रशासनिक पत्रों या वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के आधार पर किसी नागरिक के पक्ष में विधिवत निष्पादित की गई रजिस्टर्ड लीज डीड (पट्टा) को निरस्त नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने नगर पालिका परिषद इटारसी द्वारा एक महिला के खिलाफ दायर पट्टा निरस्तीकरण के दावे को ठोस विधिक साक्ष्यों के अभाव में खारिज कर दिया है।

यह आदेश द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश यतिन अग्रवाल की अदालत ने नगर पालिका परिषद इटारसी बनाम श्रीमती पुष्पलता पटवा के व्यवहार वाद की सुनवाई के बाद जारी किया।

**क्या था पूरा मामला :** वाद के अनुसार, विश्वकर्मा नगर, इटारसी स्थित एलआईजी प्लॉट नंबर 12 (रकबा 72 वर्ग मीटर) को वर्ष 2006 में नगर पालिका ने सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से श्रीमती पुष्पलता पटवा को आवंटित किया था। प्रतिवादी महिला द्वारा निर्धारित प्रीमियम राशि जमा किए जाने के बाद 14 अक्टूबर 2016 को नगर पालिका ने उनके पक्ष में रजिस्टर्ड लीज डीड निष्पादित की थी। इसके बाद सितंबर 2019 में तत्कालीन कलेक्टर होशंगाबाद (अब नर्मदापुरम) ने लोकायुक्त संगठन के निर्देशों का हवाला देते हुए नगर पालिका को उक्त पट्टा निरस्त करने का एक पत्र जारी किया था। इसी प्रशासनिक पत्र के आधार पर नगर पालिका ने सिविल कोर्ट में लीज डीड शून्य घोषित कराने का मुकदमा दायर किया था।

#### अपने ही गवाह से खुली नगर पालिका की पोल

न्यायालय ने मामले की सूक्ष्म विधिक समीक्षा करते हुए पाया कि नगर पालिका कोर्ट में कोई भी ऐसा कानूनी प्रावधान या नियम पेश नहीं कर सकी जिसके तहत इस पट्टे को अवैध माना जाए। दिलचस्प बात यह रही कि नगर पालिका की ओर से गवाही देने आए सहायक ग्रेड-3 कर्मचारी राजकुमार भार्गव ने प्रतिपरीक्षण में स्वयं स्वीकार किया कि परिषद के प्रस्तावों के आधार पर ही प्लॉट की नीलामी हुई थी और राजस्व निरीक्षक द्वारा विधि अनुसार ही लीज डीड निष्पादित कर कब्जा सौंपा था, जिसमें कोई प्रक्रियात्मक या विधिक अवैधता नहीं थी।

#### प्रतिवादी की दलील : पारदर्शी प्रक्रिया से खरीदा प्लॉट

प्रतिवादी श्रीमती पुष्पलता पटवा ने अपने अधिवक्ता संजय गुप्ता के माध्यम से न्यायालय में पुरजोर विधिक विरोध दर्ज कराया। उन्होंने दलील दी कि उन्होंने सूरजगंज क्षेत्र की खुली और पारदर्शी नीलामी में भाग लेकर नियमानुसार उच्चतम बोली लगाई थी। पूरी राशि जमा करने और कब्जा मिलने के बाद, बिना किसी विधिक उल्लंघन के, केवल एकतरफा प्रशासनिक आदेश के बल पर उनके अधिकारों का हनन नहीं किया जा सकता।

#### न्यायालयीन शुल्क न चुकाना भी बना आधार

अदालत ने यह भी पाया कि नगर पालिका ने दावे का मूल्यांकन संपत्ति के वास्तविक मूल्य (7,43,400 रुपये) पर करने और नियमानुसार न्यायालयीन शुल्क अदा करने में भी लापरवाही बरती।

**अंतिम आदेश :** विधिक रूप से अपना पक्ष साबित करने में असफल रहने पर न्यायालय ने नगर पालिका परिषद इटारसी का दावा सव्यय खारिज कर दिया। आदेश के तहत इस मुकदमे का खर्च दोनों पक्षकार स्वयं वहन करेंगे। न्यायालय के इस निर्णय ने साफ कर दिया है कि एक बार विधि अनुकूल प्रक्रियाओं के तहत जारी सरकारी दस्तावेज नागरिकों को जो अधिकार देते हैं, उन्हें बिना किसी ठोस कानूनी उल्लंघन के वापस नहीं लिया जा सकता।

#### सर्वोच्च न्यायालय के सिद्धांतों का हवाला

न्यायाधीश यतिन अग्रवाल ने अपने निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय के स्थापित न्याय दृष्टांतों (बच्चज नहार बनाम निलीमा मण्डल एवं यूनियन ऑफ इंडिया बनाम इब्राहिम उद्दीन) का संदर्भ देते हुए स्पष्ट किया कि जो विधिक आधार मूल वाद पत्र में स्पष्ट रूप से नहीं लिखे जाते और जिन पर विरोधी पक्षकार को पक्ष रखने का अवसर नहीं मिलता, उनके आधार पर कोई अदालत राहत प्रदान नहीं कर सकती।

### न्यू यार्ड में 220 खंडहर क्वार्टर और 21 दुकानें अगले हफ्ते से होंगी जमींदोज

# बुलेट रफ्तार से टूट रहे जर्जर रेल आवास, पर कछुआ गति से निर्माण

**सुरक्षा-स्वच्छता के नाम पर ध्वस्तीकरण, लेकिन नई पोस्टिंग वाले रेलकर्मियों को सिर छुपाने की जगह नहीं**




**जागरण, इटारसी।** पश्चिम मध्य रेलवे के सबसे महत्वपूर्ण जंक्शनों में से एक, इटारसी की रेल कॉलोनियों में इन दिनों एक अजीब विरोधाभास देखने को मिल रहा है। एक तरफ जहां रेल प्रशासन सुरक्षा और सुंदरीकरण के नाम पर वर्षों पुराने जर्जर आवासों को ढहाने में 'बुलेट' जैसी तेजी दिखा रहा है, वहीं दूसरी तरफ नए आवासों के निर्माण की रफ्तार बेहद 'कछुआ गति' से चल रही है। नतीजा यह है कि इटारसी में रेल कर्मचारियों के सामने एक गंभीर और ज्वलंत 'आवास संकट' खड़ा हो गया है, जिससे नई पोस्टिंग पर आने वाले रेलकर्मी और उनके परिवार दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

यह मुद्दा एक बार फिर तब गरमाया जब वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ की 'कॉलोनी केयर कमेटी' की हालिया बैठक में न्यू यार्ड क्षेत्र के लगभग 220 खंडहर रेल आवासों और 21 जर्जर दुकानों को अगले सप्ताह से ध्वस्त करने का बड़ा निर्णय लिया गया।

#### असामाजिक तत्वों के अड्डे बने खंडहर

विभागीय अधिकारियों के अनुसार, पिछले कई वर्षों से खाली पड़े इन जर्जर भवनों के कारण पूरी कॉलोनी का माहौल खराब हो रहा था। यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने लगा था, जिससे चोरी, तोड़फोड़ और अन्य आपराधिक गतिविधियों की आशंका लगातार बनी रहती थी। रेल कर्मचारियों और उनके परिवारों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने अब इन्हें हटाने की प्रक्रिया तेज कर दी है।

बैठक में मौजूद एपीओ रजनीश शुक्ला, एडीईएन नरेश बरेया, विवेक रामटेके, आरपीएफ स्टाफ, स्वास्थ्य निरीक्षक जयंत महाजन और बिजली विभाग के राजेश गौर ने इस बात पर सहमति जताई कि ध्वस्तीकरण से कॉलोनी का स्वरूप सुधरेगा, सुरक्षा बढ़ेगी और बच्चों को खेलने के लिए साफ-सुथरा मैदान मिल सकेगा।

**प्रस्ताव भोपाल मंडल भेजा गया :** इस संबंध में कॉलोनी केयर कमेटी शाखा सचिव एवं सदस्य अर्जुन उटवार ने बताया कि 21 जर्जर रेल दुकानों को स्थानीय स्तर पर हटाने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। वहीं, करीब 220 खंडहर आवासों को ध्वस्त करने का विस्तृत प्रस्ताव मंडल कार्यालय भोपाल को भेजा जा चुका है। वहां से हरी झंडी मिलते ही इस कार्य को और तीव्र गति से पूरा किया जाएगा।

#### खोखली साबित हो रहीं 'मल्टी-स्टोरी' कॉलोनी की बातें

खंडहरों को हटाने के फैसले का स्थानीय नागरिक और रेलकर्मी स्वागत तो कर रहे हैं, लेकिन उनकी चिंता इस बात को लेकर है कि 'आखिर पुराने टूटने के बाद नए मकान बनेंगे कब।' पिछले कुछ वर्षों में इटारसी के 18 बंगला, 12 बंगला, 3 बंगला और न्यू यार्ड क्षेत्र में सैकड़ों पुराने आवास सुरक्षा कारणों का हवाला देकर मलबे में तब्दील किए जा चुके हैं। प्रशासन हर बार बहुमंजिला (मल्टी-स्टोरी) आवास कॉलोनी बनाने के दावे करता है, लेकिन धरातल पर आज तक एक भी ईंट नहीं रखी जा सकी।

- >> **जमीन खाली, योजना गायब :** पुराने मकान टूटने से बेशकीमती रेलवे भूमि तो खाली हो रही है, लेकिन समयबद्ध आवासीय नीति न होने से यह जमीन खाली ही पड़ी है।
- >> **किराए के मकानों का बोझ :** इटारसी जैसे बड़े जंक्शन पर हर महीने दर्जनों रेलकर्मियों का ट्रांसफर या नई पोस्टिंग होती है। सरकारी आवास न मिलने के कारण उन्हें शहर में अपने कार्यालय से दूर महंगे दामों पर प्राइवेट मकान किराए पर लेने पड़ रहे हैं।

#### तोड़ने के साथ निर्माण की भी तय हो समय-सीमा

स्थानीय रेल कॉलोनियों के निवासियों और कर्मचारी संगठनों ने रेल प्रबंधन से पुरजोर आग्रह किया है कि सिर्फ मकान तोड़ने से काम नहीं चलेगा। प्रशासन को ध्वस्तीकरण के समानांतर ही एक ठोस और समयबद्ध निर्माण योजना (टाइम-बाउंड कंस्ट्रक्शन प्लान) भी पटल पर रखनी होगी।

कर्मचारियों का सुझाव है कि खाली कराई गई जमीनों का कुशल उपयोग करने के लिए बहुमंजिला आवास परियोजनाओं को शीघ्र नीतिगत मंजूरी दी जाए। इससे कम भूमि में अधिक रेलकर्मियों को स्वच्छ, आधुनिक और सुरक्षित आवास उपलब्ध कराना संभव हो सकेगा। अब देखना यह है कि प्रशासन केवल हथौड़ा चलाने में दिलचस्पी दिखाता है या रेलकर्मियों के आशियाने की चिंता करते हुए निर्माण की नई नींव भी रखता है।

### झूलण सेवा समिति की नई कार्यकारिणी गठित

## खुरानी अध्यक्ष, शिवनानी सचिव और बिजलानी बने कोषाध्यक्ष

**जागरण, इटारसी।** पूज्य पंचायत सिंधी समाज की प्रमुख धार्मिक सहयोगी संस्था श्रीझूलण सेवा समिति की एक आवश्यक बैठक सिंधी कॉलोनी स्थित भगवान श्रीझूलेलाल मंदिर में संपन्न हुई। इस बैठक में आगामी 21 जुलाई से शुरू हो रहे आस्था के प्रतीक श्रीझूलेलाल चालीहा व्रत महोत्सव की तैयारियों को लेकर व्यापक रणनीति तैयार की गई। साथ ही, महोत्सव के सफल संचालन के लिए सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन कर पदाधिकारियों को नियुक्तियां प्रदान की गईं। सर्वसम्मति से लिए निर्णय के अनुसार, समिति के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी वासुदेव खुरानी को सौंपी गई है। वहीं सौरभ शिवनानी को सचिव और गंगाराम बिजलानी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

#### चालीहा महोत्सव को भव्य बनाने का संकल्प

बैठक में उपस्थित समाजजन और नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि इस वर्ष 21 जुलाई से प्रारंभ होने वाले अखंड चालीहा व्रत महोत्सव को पूरी श्रद्धा, नियम और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। सिंधी समाज की परंपराओं को अक्षुण्ण रखते हुए 40 दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नई कार्यकारिणी की घोषणा के बाद समाज के वरिष्ठ जन और युवाओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए सफल आयोजन की रूपरेखा पर विचार साझा किए।

#### श्रीझूलण सेवा समिति की नई कार्यकारिणी

- **संस्थापक सदस्य :** गोविंद राम गोमा खिलवानी, गोपाल सिधवानी।
- **संरक्षक मंडल :** अनिल मिहानी, महेश वालेचानी, राहुल चेलानी अभिनेता, इंद्र शिवदासानी, महेश नंदवानी, दीपक चंदवानी, मनोज रामचंदानी।
- **उपाध्यक्ष :** सुधीर देवानी (पप्पू), नारायण आहूजा, रोहित दरयानी।
- **सह-सचिव :** विशाल गंगलानी
- **सह-कोषाध्यक्ष :** नंदलाल देवानी
- **संगठन मंत्री :** मुकेश खुरानी
- **सह-संगठन मंत्री :** लक्की जैसवानी
- **मार्गदर्शक मंडल :** आसूदाराम लालवानी, ताराचंद देवानी, देवानंद लखानी, महेश देवानी, मनोहर सुंदरानी, शंभू खत्री, भीमनदास बिजलानी, बंसीलाल चेलानी, रमेश साहू सलोनी।

## तवानगर में बाघ टी-44 और तेंदुए की दस्तक से दहशत, वन विभाग और एसटीआर टीमें अलर्ट पर

**जागरण, इटारसी।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से निकलकर बाघ (टी-44) पिछले कुछ दिनों से तवानगर और आसपास के रिहायशी इलाकों के करीब डेरा डाले हुए है। बुधवार रात को चीचा-28 गांव के मोड़ पर एक बाइक सवार ग्रामीण प्रदीप बारस्कर के समानांतर काफी देर तक बाघ के चलने और गुरुवार सुबह कहार मोहल्ले के पास महिलाओं को दोबारा दिखने से इलाके में भारी हड़कंप मच गया है। दोपहर में यह बाघ तवानगर बस्ती में बने एक शिव मंदिर परिसर में जाकर बैठ गया, जहां भीड़ लग गयी। वन विभाग ने पुलिस की मदद से लोगों को वहां से हटवाया।

बाघ के साथ ही इलाके में तेंदुए का मूवमेंट भी तेज हो गया है। बुधवार शाम अधिवक्ता भूपेश साहू को इटारसी से लौटते वक्त रोड पर और आज सुबह ग्रामीण चिंतामणि को कहार मोहल्ले में तेंदुआ दिखाई दिया। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, तवानगर रोड से हर रोज सैकड़ों लोग इटारसी आना-जाना करते हैं, ऐसे में वन्यजीवों की रिहायशी इलाकों के नजदीक मौजूदगी ने ग्रामीणों को खौफजदा कर दिया है। लोगों ने वन विभाग से जानवरों को जल्द से जल्द रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ने की मांग की है।

## मालवीयगंज में नपाध्यक्ष ने पार्षद के साथ किया सड़क निर्माण का निरीक्षण



**जागरण, इटारसी।** नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने मालवीयगंज में निर्माणाधीन सीसी सड़क का औचक निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता और तकनीकी मानकों का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जनता के पैसे से बन रही सड़कों की गुणवत्ता में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अध्यक्ष ने कार्य की मजबूती के लिए सड़क की नियमित तराई करने तथा आवारा पशुओं व आवागमन को रोकने के लिए बैरिकेडिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे भी विकास कार्यों की निगरानी में सहभागी बनें और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी दिखने पर तुरंत शिकायत दर्ज कराएं। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद कन्हैयालाल मिहानी, युवा नेता गौरव बड़कुर, नगर पालिका के इंजीनियर एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आर्यिका संघ की ऐतिहासिक अगवानी

**जागरण, इटारसी।** संत शिरोमणि आचार्यश्री विद्यासागर महाराज एवं आचार्यश्री समयसागर महाराज की शिष्याओं आर्यिका रत्न 105 भावनामति माताजी, आर्यिका रत्न 105 सदेय माताजी तथा आर्यिका रत्न भक्तिमति माताजी के पावन नगर आगमन पर सकल जैन समाज द्वारा ऐतिहासिक और भव्य अगवानी की गई। प्रातः 8 बजे प्रिंस पैराडाइज गार्डन के समीप चातुर्मास समिति के संरक्षक मुकेश जैन एवं अध्यक्ष अनिल जैन के नेतृत्व में सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं ने पाद प्रक्षालन कर माताजी संघ का मंगल स्वागत किया। इसके बाद मंडी मार्ग से शुरू हुई भव्य शोभायात्रा ओवरब्रिज स्थित हनुमान धाम मंदिर पहुंची, जहां हनुमान धाम सेवा समिति ने आरती उतारी।

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कलेक्टर से की मुलाकात

### मूंग खरीदी और सीवर लाइन सहित कई जनहित मुद्दों पर रखी मांग



**जागरण, इटारसी।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डेय ने जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा से मुलाकात कर जिले की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस बैठक में मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा और मांगें रखी गईं। जिसमें सभी केंद्रों पर किसानों की पूरी मूंग फसल की शीघ्र खरीदी की जाए। इस पर कलेक्टर ने शोभापुर में तीन नए खरीदी केंद्र बनाने के आदेश जिला पंचायत सीईओ को दिए। किसानों के गेहूं फसल का बकाया भुगतान जल्द करने तथा डीएपी और अन्य खाद की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की गई ताकि किसानों को परेशानी न हो। वहीं नर्मदापुरम में जगह-जगह खुदी पड़ी सीवर लाइनों को जल्द से जल्द व्यवस्थित और ठीक करने के संबंध में चर्चा हुई। कलेक्टर से मुलाकात के पश्चात जिला कांग्रेस अध्यक्ष अपने साथियों के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता आजाद सिंह भाटिया के निवास पर पहुंचे। इस दौरान नर्मदापुरम नेता प्रतिपक्ष अनोखी लाल राजोरिया एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश बाथरे उपस्थित रहे।

### 110 की जांच, 35 मरीज ऑपरेशन के लिए रवाना

**जागरण, इटारसी।** सेवा से संस्कार तक की भावना के साथ लायंस क्लब इटारसी फ्रेंड्स द्वारा गोदड़ी वाला धाम एवं सेवा सदन बैरागढ़ के सहयोग से एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 110 मरीजों की बीपी, शुगर और नेत्र जांच की गई, जिसमें से 35 मरीज मोतियाबिंद के पाए गए। इन सभी मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन और लेंस प्रत्यारोपण के लिए सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, बैरागढ़ भेजा गया। रवानगी के समय सभी मरीजों और उनके सहायकों को क्लब द्वारा फल एवं बिस्किट वितरित किए गए। क्लब अध्यक्ष लायन भारती गुरबानी ने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना ही क्लब का मुख्य उद्देश्य है।

### संवाद | शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता पर आयोजित हुआ सेमिनार

# मानसिक तंदुरुस्ती अनिवार्य जरूरत है: पालीवाल



**जागरण, इटारसी।** आज, 9 जुलाई को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय इटारसी में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता और विषय विशेषज्ञ वैभव पालीवाल ने छात्र-छात्राओं और स्टाफ से संवाद करते हुए कहा कि आज के दौर में मानसिक तंदुरुस्ती कोई विलासिता नहीं, बल्कि अनिवार्य जरूरत है।

श्री पालीवाल ने जीवन को संतुलित बनाने के लिए मानसिक तंदुरुस्ती के 7 मुख्य स्तंभों पर प्रकाश डाला।

**आत्म-जागरूकता :** खुद की भावनाओं और ताकतों को पहचानना।

**आत्म-सम्मान :** अपने भीतर आत्मविश्वास जगाना।

**भावनाओं पर नियंत्रण :** तनाव और गुस्से को डायरी लेखन व ब्रीदिंग एक्सरसाइज से संभालना।

**सकारात्मक रिश्ते :** परिवार, गुरुओं और मित्रों के साथ जुड़ाव।

**उद्देश्य और लक्ष्य :** बड़े सपने देखना और उन्हें पाने के लिए प्रयास करना।

**लचीलापन :** असफलता के बाद हार न मानना, साथ ही बल्कि फिर उठ खड़े होना।

**स्वयं की देखभाल :** अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना।

इस सेमिनार में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन हिस्सा लिया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी श्रीमती पल्लवी नरवरे, व्याख्यातागण आकाश गर्ग, प्रवेश चौरे, अंकित मिश्रा, नेहा केदारे एवं समस्त ऑफिस स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में प्राचार्य आरके चोलकर ने विशेषज्ञ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन युवाओं को बाहर की दुनिया से पहले, खुद के भीतर की दुनिया जीतने का मंत्र दे गया।

## हादसा : चलती ट्रेन की छत पर चढ़ा नेपाली युवक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से गंभीर घायल



**जागरण, इटारसी।** मंगला एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12618) में सफर कर रहा एक 28 वर्षीय नेपाली युवक अचानक ट्रेन की छत पर चढ़ गया। ग्वालबाबा के पास वह ओवरहेड इलेक्ट्रिक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया, जिससे करंट लगने और नीचे गिरने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल यात्री को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है।

घायल युवक की पहचान धन बहादुर दमाई 28 वर्ष, निवासी नेपाल के रूप में हुई है। वह अपनी पत्नी नेहा परिहार और दो छोटे बच्चों के साथ नेपाल से शिमला और फिर दिल्ली होते हुए गोवा जा रहा था। पत्नी नेहा के मुताबिक दोपहर से अचानक उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया था और वे अजीबोगरीब बातें कर रहे थे। जब ट्रेन इटारसी स्टेशन पर रुकी, तो वे पानी लेने का कहकर नीचे उतरे। ट्रेन चलने के बाद वे कब और कैसे ट्रेन की छत पर चढ़ गए, किसी को भनक तक नहीं लगी।

स्टेशन से ट्रेन रवाना होने के बाद जब यात्रियों को युवक के छत पर होने का पता चला, तो हड़कंप मच गया। तुरंत ट्रेन को रोका गया। सूचना मिलते ही आरपीएफ और जीआरपी के जवान उसे सुरक्षित नीचे उतारने के लिए आगे बढ़े। लेकिन, इससे पहले कि सुरक्षाकर्मी उस तक पहुंच पाते, युवक ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन इलेक्ट्रिक लाइन की चपेट में आ गया। करंट के जोरदार झटके के कारण युवक छत से नीचे गिर गया। इस हादसे में उसका एक पैर टूट गया है और शरीर पर कई गंभीर चोटें आई हैं। रेलवे प्रशासन और पुलिस की मदद से घायल युवक को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज किया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।